**दिनांक--05.02.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बिहार विधान सभा/परिषद सत्र में उठाए गए प्रश्नों/उत्तर हेतु आहुत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:--**

---

- **बिहार विधान सभा/परिषद में उठाए गए प्रश्नों एवं दिए गए उत्तरों की स्थिति।**
  - समीक्षा के आरंभ में सचिव महोदय द्वारा विधान सभा/परिषद में उठाए गए प्रश्नों से अवगत कराते हुए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल वैशाली, नवादा, सासाराम, समस्तीपुर, भागलपुर, पटना पश्चिम, गयाजी, सिवान, सुपौल, मधुबनी, मोतीहारी, छपरा एवं दरभंगा द्वारा दिए गए उत्तर से अवगत कराया गया। उक्त उत्तर के समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अपूर्ण जानकारी में उत्तर दिया जा रहा है जो अत्यंत ही खेद का विषय है। ।
  - समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि प्रमंडलों द्वारा विभान सभा/परिषद में उठाए गए प्रश्न में प्रमंडलों द्वारा दिए गए उत्तर संक्षिप्त में दी जाती है जिससे जवाब का पूर्ण मंतव्य स्पष्ट नहीं हो पाता है। इस पर विभागीय मंत्री महोदय के सभा कक्ष में माननीय मंत्री द्वारा प्रत्युत्तर देने में समस्या उत्पन्न हो रही है जिसके कारण विभाग एवं सरकार की छवि धूमिल हो रही है। विदित हो कि जन प्रतिनिधियों द्वारा विभाग से संबंधित उठाए गए प्रश्नों का जवाब माननीय मंत्री के द्वारा दिया जाता है एवं संबंधित प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता द्वारा उत्तर तैयार कर मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाता है। परन्तु वर्तमान सत्र में प्रायः यह देखा जा रहा है कि संबंधित पदाधिकारियों द्वारा एक छोटा सा जवाब देकर अपना इतिश्री कर लिया जाता है जबकि इसकी समीक्षा न तो संबंधित अधीक्षण अभियंता और ही संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा किया जा रहा है। इसी के संबंध में कुछ प्रश्न प्रकाश में आए हैं जिससे सरकार एवं विभाग की छवि खराब हो रही है। अतः सभी कार्यपालक अभियंता मुख्यालय में उत्तर समर्पित करने से पूर्व स्वयं जवाब से संतुष्ट/अगर योजना से संबंधित हो तो स्वयं स्थल निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति के अनुरूप विस्तृत जानकारी/साक्ष्य सहित अपने नियंत्री पदाधिकारी को समर्पित करेंगें। इसी प्रकार संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता स्वयं उत्तर से आश्वस्त होकर ही मुख्यालय को समय सीमा के अंदर उत्तर समर्पित करेंगे, ताकि माननीय मंत्री महोदय को प्रश्न/उत्तर संबंधी पूर्ण जानकारी प्रदान की जा सके। सचिव महोदय द्वारा इस संदर्भ में किसी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियो पर कठोर कार्रवाई की जाने की चेतावनी दी गई।

**अनुपालनः--सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता**

  - समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य प्रमंडल अररिया के कार्यपालक अभियंता अनुपस्थित पाए गए जिस पर संबंधित सहायक अभियंता से पृच्छा की गई तो उनके द्वारा विभाग को दिग्भ्रमित करने की कोशिश की गई एवं बताया गया कि जिले की बैठक में गए हैं जबकि ऐसा नहीं पाया गया। संबंधित अधीक्षण अभियंता से इस पर पृच्छा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि इस संबंध कोई जानकारी नहीं है।

**अनुपालनः--अभियंता प्रमुख--सह--विशेष सचिव(मु0) के प्रावैद्यिक सचिव।**

➢ **MIS Mapping / Entry (Land Availability / Store/Material / Contractor/ Supervisor/ Repair Team/ Electric Meter/ Electricity Bill / IOT etc.):-**

❖ समीक्षा के क्रम में सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि MIS पर Contractor/Supervisor/Repair Team/Electric Meter/Electricity Bill/IOT की प्रविष्टि दिनांक–09.02.2026 (अगले साप्ताहिक बैठके से पूर्व) तक पूर्ण करते हुए बैठक में भाग लेंगे। समीक्षा के दौरान यह पाया जाता है कि MIS पर मैपिंग/इंट्री का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं गलत मैपिंग किया गया है तो संबंधित पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अनुपालनः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांकः– 14/बैठक–1024/24–133 दिनांक– 18/2/26

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/2/26

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक–1024/24–133 दिनांक– 18/2/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/2/26

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक–1024/24–133 दिनांक– 18/2/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

18/2/26

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/प॰बैठक – 1024/24 – 133 दिनांक— 18/2/26

प्रतिलिपिः— माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

18/2

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)